भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 01.06.2026

बनारस रेल इंजन कारखाना के एक अधिकारी सहित छः कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

बरेका ने अपने कर्मयोगियों को दी सम्मानपूर्ण विदाई

बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रशासन भवन स्थित कीर्ति कक्ष में दिनांक 1 जून को एक भावनात्मक एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ बरेका परिवार ने माह मई 2026 में सेवानिवृत्त हुए अपने एक अधिकारी सहित छह समर्पित कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी। वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा के उपरांत जीवन के नए अध्याय की ओर अग्रसर हो रहे इन कर्मयोगियों को बरेका परिवार ने कृतज्ञता एवं शुभकामनाओं के साथ विदा किया। इस अवसर पर सहायक कार्य प्रबंधक श्री जय प्रकाश जैन, कार्यालय अधीक्षक श्री मार्कण्डेय मिश्रा, मुख्य फार्मासिस्ट श्री एंटोनी सिंह, एसएसई श्री अशोक कुमार वर्मा, सीडीएमएस श्री मोहम्मद अख्तर खान, वरिष्ठ तकनीशियन श्री लालजी तथा तकनीशियन फिटर श्री राम बिनेश्वर प्रसाद को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री लालजी चौधरी ने कहा कि, "सेवानिवृत्ति किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि अनुभवों और उपलब्धियों से परिपूर्ण एक नई शुरुआत है। आप सभी ने अपने कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं समर्पित कार्यों से बरेका की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी सेवाएं एवं कार्यसंस्कृति आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेंगी।" उन्होंने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का माल्यार्पण कर उन्हें फोल्डर प्रदान किया।

समारोह के दौरान वातावरण उस समय भावुक हो उठा जब सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवाकाल की यादों को साझा किया। उन्होंने बरेका को केवल कार्यस्थल नहीं बल्कि एक परिवार बताते हुए अपने सहकर्मियों एवं अधिकारियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बरेका में बिताए गए वर्षों की स्मृतियाँ उनके जीवन की अमूल्य पूंजी रहेंगी।

उप मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री समीर पाल ने अपने संबोधन में कहा कि, "आप सभी ने अपने अनुभव, परिश्रम एवं समर्पण से बरेका की कार्यसंस्कृति को समृद्ध बनाया है। बरेका परिवार आपके योगदान के प्रति सदैव ऋणी रहेगा तथा आपके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल भविष्य की कामना करता है।"

इस अवसर पर केन्द्रीय चिकित्सालय, बरेका के मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल माबूद ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए उपयोगी स्वास्थ्य संबंधी सुझाव प्रदान किए।

जन संपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके जीवन के आगामी चरण को सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं पारिवारिक आनंद से परिपूर्ण होने की मंगलकामना की।

कार्यक्रम का भावपूर्ण संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय, श्री राम प्रवेश यादव द्वारा किया गया। समारोह का समापन सम्मान, आत्मीयता एवं भावनाओं से भरे वातावरण में हुआ, जहाँ बरेका परिवार ने अपने कर्मयोगियों को नई जीवन-यात्रा के लिए शुभाशीष प्रदान किए।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान व

।

01.06.26

(राजेश कुमार)

जन सम्पर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 01.06.2026

Six Employees, Including an Officer, Given a Heartfelt Farewell Upon Retirement at Banaras Locomotive Works

BLW Bids a Respectful Farewell to Its Dedicated Workforce

An emotional and dignified ceremony was organized on June 1st in the Hall of Fame (Hall of Fame), located within the Administrative Building of Banaras Locomotive Works (BLW). During this event, the BLW family respectfully bade farewell to one officer including six dedicated employees who retired in the month of May 2026. Moving forward to a new chapter in their lives after years of loyal service, these dedicated professionals were sent off by the BLW family with deep gratitude and best wishes. On this occasion, Assistant Works Manager Mr. Jai Prakash Jain, Office Superintendent Mr. Markandey Mishra, Chief Pharmacist Mr. Antony Singh, SSE Mr. Ashok Kumar Verma, CDMS Mr. Mohammad Akhtar Khan, Senior Technician Mr. Lalji, and Technician Fitter Mr. Ram Bineshwar Prasad were felicitated.

Addressing the gathering, Principal Chief Personnel Officer Mr. Lalji Chaudhary stated, "Retirement is not the end of a journey, but rather a new beginning filled with experiences and achievements. Through your dutiful, disciplined, and dedicated efforts, you have all made significant contributions to the progress of BLW. Your services and work culture will continue to inspire future generations." He honored all the retiring officers and employees by garlanding them and presenting them with commemorative folders.

The atmosphere during the ceremony turned emotional as the retiring employees shared memories of their long tenure of service. Describing BLW not merely as a workplace but as a family, they expressed their gratitude for the support extended by their colleagues and officers. They remarked that the memories of the years spent at BLW would remain an invaluable asset in their lives.

In his address, Deputy Chief Personnel Officer Mr. Sameer Pal said, "Through your experience, hard work, and dedication, you have enriched the work culture of BLW. The BLW family will forever remain indebted for your contributions and wishes you a healthy, happy, and successful future." On this occasion, Dr. Abdul Mabood, Divisional Medical Officer at the Central Hospital, BLW, offered valuable health-related advice to the retiring employees to help them lead a healthy and active life.

Public Relations Officer, Mr. Rajesh Kumar, extended his best wishes to all the retiring employees, praying that the upcoming phase of their lives be filled with happiness, prosperity, excellent health, and familial bliss.

The program was conducted with great warmth and sensitivity, and the Vote of Thanks was delivered by Assistant Personnel Officer, Headquarters Mr. Ram Pravesh Yadav. The ceremony concluded in an atmosphere brimming with respect, warmth, and emotion, as the BLW family bestowed their blessings upon these dedicated professionals for their new journey in life.

* * * * * * *

To

The Editor/Representative

_____

Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

01.06.2

(Rajesh Kumar)

PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक : 01.06.2026**

आरडीएसओ के महानिदेशक श्री प्रभास दनसाना ने किया बरेका का दौरा, महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत से की शिष्टाचार भेंट

अनुसंधान, नवाचार लोको निर्माण पर विशेष मंथन

भारतीय रेल के अनुसंधान, नवाचार एवं तकनीकी मानकीकरण के प्रमुख केंद्र अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ के महानिदेशक श्री प्रभास दनसाना ने आज बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का दौरा कर लोको निर्माण की प्रक्रियाओं एवं उत्पादन गतिविधियों का अवलोकन किया। बरेका आगमन पर महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत ने उनका हार्दिक स्वागत किया तथा शिष्टाचार भेंट के दौरान भारतीय रेल के तकनीकी आधुनिकीकरण, अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, रेल इंजनों के मानकीकरण तथा भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

अपने निरीक्षण के दौरान श्री दनसाना ने लोको फ्रेम शॉप, लोको असेंबली शॉप, ट्रक मशीन शॉप एवं लोको टेस्ट शॉप का भ्रमण किया। उन्होंने रेल इंजनों के निर्माण की विभिन्न चरणबद्ध प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणालियों तथा आधुनिक बेल्डिंग तकनीकी व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादन दक्षता, तकनीकी उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता मानकों के प्रति बरेका की प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत ने बरेका की उल्लेखनीय उपलब्धियों, लोको उत्पादन क्षमता के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। निरीक्षण के दौरान मुख्य विद्युत इंजीनियर (लोको) श्री अरविंद कुमार जैन तथा उप मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री सुदीप रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दौरे के दौरान अनुसंधान, नवाचार एवं उत्पादन इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय, उन्नत तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भारतीय रेल को और अधिक सुरक्षित, आधुनिक एवं दक्ष बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों पर विशेष बल दिया गया।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

01.06.26

(राजेश कुमार)
जन सम्पर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 01.06.2026

RDSO Director General Shri Prabhas Dansana Visits BLW, Holds Courtesy Meeting with General Manager Shri Ashutosh PantSpecial Deliberations on Research, Innovation and Locomotive Manufacturing

Shri Prabhas Dansana, Director General of the Research Designs and Standards Organisation (RDSO), Lucknow, the premier institution of Indian Railways for research, innovation and technical standardization, visited Banaras Locomotive Works (BLW), Varanasi today and reviewed various locomotive manufacturing processes and production activities.

On his arrival at BLW, Shri Ashutosh Pant, General Manager, warmly welcomed him. During a cordial meeting, both dignitaries held meaningful discussions on various important issues related to the technological modernization of Indian Railways, research and development activities, standardization of railway locomotives, and future technological requirements.

During the visit, Shri Dansana inspected the Loco Frame Shop, Loco Assembly Shop, Truck Machine Shop and Loco Test Shop. He closely observed the various stages of locomotive manufacturing, quality control systems and modern welding technologies being adopted at BLW. He appreciated BLW's commitment towards production efficiency, technological excellence and adherence to high quality standards.

On this occasion, Shri Ashutosh Pant briefed the Director General about BLW's significant achievements, locomotive production capacity and ongoing developmental initiatives.

Chief Electrical Engineer (Loco), Shri Arvind Kumar Jain, Deputy Chief Electrical Engineer, Shri Sudip Rawat, along with other senior officers, were also present during the inspection.

The visit emphasized the importance of enhanced coordination between research, innovation and production units, effective implementation of advanced technologies, and collective efforts towards making Indian Railways safer, more modern and more efficient.

* * * * * * *

To
The Editor/Representative
_____
Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

01.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 03.06.2026

बरेका में कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर परिषद एवं प्रशासन के बीच सकारात्मक संवाद

बनारस रेल इंजन कारखाना के प्रशासनिक भवन स्थित कीर्ति कक्ष में आज दिनांक 03 जून 2026 को प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में बरेका कर्मचारी परिषद एवं प्रशासन के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक संवाद स्थापित कर उनके समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करना था।

बैठक के दौरान कर्मचारी परिषद द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कर्मचारी कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनके व्यावहारिक एवं त्वरित समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया।

अध्यक्षीय संबोधन में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री मनीष कुमार ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण एवं उनकी कार्यसंतुष्टि संस्थान की प्रगति का आधार है। उन्होंने प्रशासन एवं कर्मचारियों के मध्य निरंतर संवाद और सहयोग की भावना को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

बैठक में प्रधान वित्त सलाहकार श्री मुक्तेश मित्तल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री लालजी चौधरी, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश कुमार तथा महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री देवराज कुमार मौर्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कर्मचारी परिषद की ओर से संयुक्त सचिव श्री प्रदीप कुमार यादव तथा परिषद के सदस्य श्री अमित कुमार, श्री नवीन कुमार सिन्हा, श्री श्रीकांत यादव, श्री सुशील कुमार सिंह, श्री संतोष कुमार यादव, श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं श्री मनीष कुमार सिंह ने सहभागिता की तथा कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रशासन के समक्ष रखा।

बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

03.06.26

(राजेश कुमार)
जन सम्पर्क अधिकारी

B.L.W.

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 03.06.2026

Positive Dialogue Between Staff Council and Administration on Employee Welfare Issues at BLW

A significant meeting was held on 03 June 2026 in the Hall of Fame in the Administrative Building at Banaras Locomotive Works (BLW) under the chairmanship of Shri Manish Kumar, Principal Chief Electrical Engineer. The meeting brought together representatives of the BLW Staff Council and the administration with the objective of establishing meaningful dialogue and taking positive steps toward resolving various employee-related issues.

During the meeting, detailed discussions were held on several Staff welfare matters raised by the Staff Council. The administrative officers listened to the concerns and suggestions presented by the council representatives with seriousness and sensitivity and assured positive action for their practical and prompt resolution.

In his presidential address, Shri Manish Kumar, Principal Chief Electrical Engineer, stated that employee welfare and job satisfaction form the foundation of the organization's progress. He emphasized further strengthening the spirit of continuous dialogue and cooperation between the administration and employees.

The meeting was attended by Shri Muktesh Mittal, Principal Financial Adviser; Shri Shailendra Kumar Singh, Principal Chief Engineer; Shri Lalji Chaudhary, Principal Chief Personnel Officer; Dr. Devesh Kumar, Principal Chief Medical Officer; and Shri Devaraj Kumar Maurya, Inspector General-cum-Principal Chief Security Commissioner, along with other senior officers.

Representing the Staff Council were Joint Secretary Shri Pradeep Kumar Yadav and council members Shri Amit Kumar, Shri Naveen Kumar Sinha, Shri Shrikant Yadav, Shri Sushil Kumar Singh, Shri Santosh Kumar Yadav, Shri Dharmendra Kumar Singh, and Shri Manish Kumar Singh. They presented various employee-related issues before the administration.

The meeting concluded in a cordial and positive atmosphere.

* * * * * * *

To
The Editor/Representative

_____
Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

03.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 04.06.2026

पर्यावरण के लिए संकल्पित बनारस रेल इंजन कारखाना

23 अप्रैल 1956 को स्थापित बनारस रेल इंजन कारखाना ने 1961 में उत्पादन प्रारंभ किया तथा 03 जनवरी 1964 को प्रथम डीजल-विद्युत रेल इंजन राष्ट्र को समर्पित किया गया। आज बरेका 11000 से अधिक लोकोमोटिव का निर्माण कर भारत की अग्रणी रेल इंजन निर्माण इकाई बन चुका है। वर्ष 2020 में इसका पुनर्नामकरण बनारस रेल इंजन कारखाना के रूप में किया गया तथा वर्तमान में यह भारत की सबसे बड़ी मल्टी गेज एवं मल्टी ट्रैक्शन लोकोमोटिव निर्माण इकाइयों में से एक है।

2017 से बरेका ने ऊर्जा दक्ष, पर्यावरण अनुकूल एवं उच्च अश्व शक्ति वाले विद्युत इंजनों का निर्माण शुरू किया। रेलवे की 100% विद्युतीकरण नीति एवं कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लक्ष्य के अनुरूप अब बरेका में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का निर्माण किया जा रहा है। बरेका निर्मित लोकोमोटिव भारत सहित बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, तंजानिया, सूडान, सेनेगल, मलेशिया एवं अन्य देशों में सेवाएं दे रहे हैं।

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बरेका ने 1980 के दशक में ही 12 एमएलडी क्षमता वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) तथा 3 एमएलडी क्षमता वाला औद्योगिक अपशिष्ट उपचार संयंत्र (IETP) स्थापित किया। बरेका से निकलने वाला कोई भी सीवेज गंगा नदी में नहीं छोड़ा जाता। वर्ष 2025-26 में STP द्वारा 1479 मिलियन लीटर पानी का उपचार किया गया, जबकि IETP द्वारा मिश्रित पेट्रोलियम तेल एवं लुब्रिकेंट को सफलतापूर्वक अलग किया गया। सभी मानकों की ऑनलाइन निगरानी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुरूप की जाती है।

जल संरक्षण की दिशा में इस वर्ष निर्मित 41 गहरे रिचार्ज कुओं सहित बरेका में कुल 71 गहरे रिचार्ज कुओं का निर्माण किया गया। इससे न केवल जल जमाव की समस्या से निजात मिलोगा, बल्कि भूजल स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। इसी उत्कृष्ट प्रयास के लिए बरेका को "जल प्रहरी अवार्ड" प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत कंचनपुर कॉलोनी में 311 लाख लीटर क्षमता वाला जल संचयन तालाब भी निर्मित किया गया है।

ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बरेका ने 3.87 मेगावाट क्षमता के ग्रिड-संलग्न सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 41.87 लाख यूनिट हरित सौर ऊर्जा का उत्पादन हुआ, जिससे 3433.89 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई। कुल ऊर्जा खपत में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी 19.87 प्रतिशत रही।

ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए बरेका पहली ऐसी उत्पादन इकाई बनी जहां स्काडा (SCADA) प्रणाली लागू की गई। इसके परिणामस्वरूप डीजी सेट की डीजल खपत में वर्ष 2024-25 की तुलना में 45.81% की कमी दर्ज की गई।

बरेका परिसर में एक लाख से अधिक पेड़ हैं तथा वर्ष 2025-26 में लगभग 4000 नए पौधे लगाए गए। "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। परिणामस्वरूप बरेका का लगभग 40% क्षेत्र हरित आच्छादन से युक्त है तथा बाहरी क्षेत्रों की तुलना में परिसर का तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस कम महसूस होता है।

बरेका को ISO 14001:2015, सहित ISO 22163, ISO 9001, ISO 50001, ISO 45001 एवं IRIS Silver Level जैसे अनेक अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता एवं पर्यावरण प्रमाणन प्राप्त हैं। बरेका चिकित्सालय से उत्पन्न बायो-मेडिकल कचरे का निस्तारण भी आधुनिक तकनीक एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।

स्वच्छ, हरित एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्ध बरेका पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा "स्वच्छ भारत-हरित भारत" के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

04.08.26

(राजेश कुमार)
जन सम्पर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 04.06.2026

Banaras Locomotive Works, Committed to the Environment

Established on April 23, 1956, the Banaras Locomotive Works commenced production in 1961, and on January 3, 1964, its first diesel-electric locomotive was dedicated to the nation. Today, BLW has emerged as India's leading railway locomotive manufacturing unit, having produced over 11,000 locomotives. In 2020, it was renamed the Banaras Locomotive Works, and currently, it stands as one of India's largest multi-gauge and multi-traction locomotive manufacturing units.

Since 2017, BLW has undertaken the production of energy-efficient, eco-friendly, and high-horsepower electric locomotives. In alignment with the Railways' policy of 100% electrification and the objective of reducing its carbon footprint, BLW is now primarily engaged in the manufacturing of electric locomotives. Locomotives manufactured by BLW are currently in service across various nations, including India, Bangladesh, Sri Lanka, Myanmar, Tanzania, Sudan, Senegal, Malaysia and others.

In the realm of environmental conservation, as early as the 1980s, BLW established a Sewage Treatment Plant (STP) with a capacity of 12 MLD (Million Liters per Day) and an Industrial Effluent Treatment Plant (IETP) with a capacity of 3 MLD. No sewage generated by BLW is discharged into the River Ganges. During the year 2025-26, the STP treated 1,479 million liters of water, while the IETP successfully separated mixed petroleum oils and lubricants. All operational parameters are monitored online in strict adherence to the standards prescribed by the Central Pollution Control Board.

In furtherance of water conservation efforts, a total of 71 deep recharge wells—including 41 constructed this year - have been established within the BLW premises. This initiative is expected not only to alleviate the problem of waterlogging but also to contribute significantly to the replenishment of groundwater levels. In recognition of this exemplary endeavor, BLW has been conferred with the prestigious "Jal Prahari Award". As part of Prime Minister Shri Narendra Modi's water conservation campaign, a water harvesting pond with a capacity of 3.11 million liters has been constructed in Kanchanpur Colony.

In the field of green energy, BLW has installed grid-connected solar power plants with a capacity of 3.87 megawatts. During the financial year 2025-26, 4.19 million units of green solar energy were generated, resulting in a reduction of 3,433.89 tons of carbon emissions. Solar energy accounted for 19.87 percent of the total energy consumption.

To enhance energy efficiency, BLW became the first production unit to implement the SCADA system. As a result, a 45.81% reduction in diesel consumption for DG sets was recorded compared to the year 2024-25.

The BLW campus is home to over 100,000 trees, and approximately 4,000 new saplings were planted during the year 2025-26. Extensive tree plantation drives are being conducted under the "Ek Ped Maa Ke Naam" campaign. Consequently, approximately 40% of the BLW area is covered by greenery, and the temperature within the campus feels 3-4 degrees Celsius cooler compared to the surrounding external areas.

BLW holds numerous international quality and environmental certifications, including ISO 14001:2015, as well as ISO 22163, ISO 9001, ISO 50001, ISO 45001, and the IRIS Silver Level. The biomedical waste generated by the BLW Hospital is also being disposed of using modern technology and in strict compliance with the standards set by the Uttar Pradesh Pollution Control Board. Committed to clean, green, and sustainable development, BLW is continuously striving towards environmental conservation and is making a significant contribution to the creation of a "Clean India – Green India."

* * * * * * *

To
The Editor/Representative

_____
Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

04.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:04.06.2026

बरेका रोलर स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर लहराया विजय पताका

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) संस्थान के अंतर्गत संचालित रोलर स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बरेका तथा उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से खेल जगत एवं बरेका परिवार में हर्ष का वातावरण है।

दिनांक 10 मई 2026 को आगरा में भारतीय रोलर स्पोर्ट संघ द्वारा आयोजित चतुर्थ राज्य स्तरीय रोलर स्पीड स्केटिंग मैराथन चैंपियनशिप में अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अक्षय दीप उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णिम सफलता अर्जित की, जबकि इशिका उपाध्याय एवं फ़रज़ाम हुसैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर बरेका का नाम रोशन किया।

इसके पश्चात दिनांक 21 से 25 मई 2026 तक नोएडा में आयोजित 11वीं ओपन नेशनल रैंकिंग रोलर स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बरेका रोलर स्पीड स्केटिंग अकादमी के छह खिलाड़ियों—ध्रुवी त्रिपाठी, निहारा त्रिपाठी, अक्षय दीप उपाध्याय, इशिका उपाध्याय, अर्चना उपाध्याय एवं फ़रज़ाम हुसैन—ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए। अक्षय दीप उपाध्याय ने 1 रजत एवं 2 कांस्य पदक, इशिका उपाध्याय ने 1 कांस्य पदक तथा फ़रज़ाम हुसैन ने 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक जीतकर बरेका और उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

इस उपलब्धि के पीछे खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम के साथ-साथ उनके प्रशिक्षक अभिषेक कुमार उपाध्याय एवं टीम मैनेजर श्रीमती सीमा का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर बरेका संस्थान के सचिव श्री आलोक कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। बरेका के जन संपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ न केवल बरेका की खेल परंपरा को सशक्त बनाती हैं, बल्कि युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी करती हैं।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

04.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 05.06.2026

महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत के 'हरित प्रयासों' से बरेका को मिला प्रतिष्ठित "गोल्ड रेटिंग ग्रीन को सर्टिफिकेशन"

बरेका में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी, बृहद वृक्षारोपण सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार बनारस रेल इंजन कारखाना में महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत के नेतृत्व में दिनांक 15 मई 2026 से 05 जून 2026 तक "विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026" उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी के अंतर्गत आज दिनांक 05 जून 2026 को प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत के हरित पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण के प्रति किए जा रहे क्रांतिकारी प्रयासों के परिणाम स्वरुप बरेका को "गोल्ड रेटिंग ग्रीन को सर्टिफिकेशन" (GreenCo Certification) प्राप्त हुआ है, जो बरेका के लिए गर्व का विषय है।

महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत ने इस उपलब्धि के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप बरेका ने अब "गोल्ड रेटिंग ग्रीन को सर्टिफिकेशन (GreenCo Certification)" हासिल कर लिया है, जो पहले 'सिल्वर लेवल' पर था। भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) हैदराबाद द्वारा 10 विभिन्न मानकों (Modules) पर किए गए कड़े मूल्यांकन के बाद बरेका को 1000 में से 650 अंक प्राप्त हुआ हैं। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि बरेका की पर्यावरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उल्लेखनीय है कि महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत के नेतृत्व में बरेका में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026" के अंतर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया तथा ऊर्जा संरक्षण के लिए भी विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी में सर्वप्रथम मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र अग्रवाल ने मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विवेक शील को प्लांट भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस अभियान -2026 के अंतर्गत किये गये विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में सभी को अवगत कराया।

सिविल विभाग की तरफ से वरिष्ठ इंजीनियर श्री अमित कुमार ने पर्यावरण के क्षेत्र में बरेका द्वारा किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

संगोष्ठी में बरेका नाट्य दल द्वारा वरिष्ठ कलाकार श्री सुधाकर मणि के निर्देशन में हरित पर्यावरण से प्रेरित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विवेक शील ने हरित पर्यावरण से प्रेरित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विवेक शील ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित पर्यावरण विषय पर दिए गए संबोधन में सभी को वृक्षारोपण करने एवं ऊर्जा संरक्षण करने का संदेश दिया।

प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री अनूप सिंह वत्स द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात सभी अधिकारियों ने अधिकारी विश्राम गृह परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अंकुर चंद्रा,मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन एवं विपणन) श्री राम जन्म चौबे सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण, संयुक्त सचिव, कर्मचारी परिषद श्री प्रदीप कुमार यादव, अन्य सदस्य श्री नवीन कुमार सिन्हा एवं श्री सुशील कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज एक अन्य कार्यक्रम में संस्थान,बरेका द्वारा बरेका इंटर कॉलेज से बरेका प्रेक्षागृह तक पर्यावरण से प्रेरित जन-जागरूकता रोलर स्केटिंग रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष, संस्थान एवं वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) श्री राजकुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि जनसंपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया । रैली के पश्चात संस्थान के उप संस्थान परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण भी किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक अन्य कार्यक्रम में आज प्रातःकाल कर्मचारी क्लब में हरित पर्यावरण से प्रेरित वाल पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय श्री राजकुमार गुप्ता एवं जन संपर्क अधिकारी, श्री राजेश कुमार द्वारा पेंटिंग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस वाल पेंटिंग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने पर्यावरण से प्रेरित पेंटिंग कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

05.06.16

(राजेश कुमार)

जन सम्पर्क अधिकारी

B.L.W.

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 05.06.2026

BLW Receives Prestigious Gold Rating GreenCo Certification Due to the Green Initiatives of General Manager Shri Ashutosh Pant

Environmental Awareness Seminar, Mass Tree Plantation, and Various Other Activities Organized at BLW

In accordance with the directives of the Railway Board,in Banaras Locomotive Works (BLW), under the leadership of General Manager Shri Ashutosh Pant, enthusiastically observed the World Environment Day Campaign–2026 from 15 May to 05 June 2026. As part of the campaign, an Environmental Awareness Seminar was organized today at the Technical Training Centre.

As a result of the pioneering efforts undertaken by General Manager Shri Ashutosh Pant towards environmental sustainability and energy conservation, BLW has been awarded the prestigious Gold Rating GreenCo Certification, a matter of great pride for the organization.

Shri Ashutosh Pant congratulated all officers and employees on this remarkable achievement.

It is noteworthy that under his leadership, BLW has continuously pursued environmental protection initiatives, resulting in the upgrade of its GreenCo Certification from the Silver Level to the Gold Rating. Following a rigorous assessment by the Confederation of Indian Industry (CII), Hyderabad, across ten different modules, BLW secured 650 marks out of 1000.

This achievement reflects BLW's unwavering commitment to environmental sustainability.

As part of the World Environment Day Campaign–2026, large-scale tree plantation drives were carried out across BLW, along with various awareness programs promoting energy conservation and environmental protection.

During today's Environmental Awareness Seminar at the Technical Training Centre, Chief Safety Officer Shri Jitendra Agrawal welcomed the Chief Guest, Principal Chief Mechanical Engineer Shri Vivek Sheel, by presenting him with a plant sapling. He also briefed the audience on the various activities conducted under the World Environment Day Campaign–2026.

Representing the Civil Department, Senior Engineer Shri Amit Kumar delivered a detailed presentation highlighting BLW's initiatives and achievements in the field of environmental conservation.

The BLW Drama party, under the direction of senior artist Shri Sudhakar Mani, presented a street play focused on environmental protection, creating awareness among officers and employees regarding the importance of a green environment.

Subsequently, Chief Guest Shri Vivek Sheel felicitated the winners of the painting and essay competitions organized on environmental themes. In his address, he emphasized the importance of tree plantation and energy conservation and encouraged everyone to actively contribute towards environmental protection.

Principal Chief Engineer Shri Shailendra Kumar Singh also shared his valuable thoughts on environmental conservation.

The program was conducted and the vote of thanks was delivered by Safety Officer Shri Anoop Singh Vats.

Following the seminar, officers participated in a large-scale tree plantation drive at the Officers' Rest House premises.

Among those present on the occasion were Chief Vigilance Officer Shri Ankur Chandra, Chief Mechanical Engineer (Production & Marketing) Shri Ram Janam Chaube, a large number of officers, Joint Secretary of the staff' Council Shri Pradeep Kumar Yadav, council members Shri Naveen Kumar Sinha and Shri Sushil Kumar Singh, along with many employees.

On the occasion of World Environment Day, another event was organized by the Institute, BLW, in the form of an environmental awareness roller skating rally from BLW Inter College to the BLW Auditorium. The rally was flagged off by Chief Guest Shri Rajkumar Gupta, Vice President of the Institute and Senior Personnel Officer (Headquarters), along with Special Guest and Public Relations Officer Shri Rajesh Kumar. A large-scale tree plantation drive was also conducted in the Institute premises after the rally.

In another event organized this morning at the Employees' Club, an environment-themed wall painting program was conducted. The program was inaugurated by Senior Personnel Officer (Headquarters) Shri Rajkumar Gupta and Public Relations Officer Shri Rajesh Kumar. A large number of children participated in the wall painting activity, expressing their commitment to environmental conservation through their artwork.

* * * * * * *

To
The Editor/Representative

_____
Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

05.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:13.06.2026

राष्ट्रीय गोल्फ मानचित्र पर उभरा बरेका : पहली बार बरेका गोल्फ कोर्स में होगा डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन गोल्फ - टूर्नामेंट-2026"

बरेका गोल्फ कोर्स में प्रतिष्ठित "डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन गोल्फ टूर्नामेंट-2026"का आयोजन

वाराणसी। भारतीय रेल की अग्रणी उत्पादक इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने खेल क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। पहली बार प्रतिष्ठित "डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन गोल्फ टूर्नामेंट-2026" का आयोजन बरेका के गोल्फ कोर्स में दिनांक 16 से 18 जून 2026 तक किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन से बरेका को देश के पेशेवर गोल्फ मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी तथा वाराणसी खेल जगत के प्रमुख केंद्रों में शामिल होगा। उत्कृष्ट प्राकृतिक एवं खेल परिवेश के कारण बरेका गोल्फ कोर्स को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य देश के उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना है।

प्रतियोगिता की तैयारियों के अंतर्गत 13 जून 2026 को कोर्स सेटअप एवं अंतिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। 14 जून 2026 को Pro-Am Event का आयोजन होगा, जिसमें बरेका के गोल्फरों एवं पेशेवर गोल्फरों की संयुक्त टीमों के मध्य 9-होल प्रतियोगिता सायंकाल 4 बजे आयोजित की जाएगी। इसी अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह भी संपन्न होगा। दिनांक 15 जून 2026 को खिलाड़ियों के लिए अभ्यास राउंड आयोजित किया जाएगा, जबकि दिनांक 16 जून से 18 जून 2026 तक मुख्य प्रतियोगिता खेली जाएगी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन ही पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन केवल एक गोल्फ प्रतियोगिता ही नहीं है, बल्कि देश में गोल्फ को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वी भारत में गोल्फ के विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा।इस आयोजन के माध्यम से बरेका गोल्फ कोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान प्राप्त होगी। प्रतियोगिता को DP World PGTI के आधिकारिक कैलेंडर में प्रमुख स्थान दिया गया है तथा विभिन्न प्रचार माध्यमों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों और मीडिया कवरेज के जरिए इसकी व्यापक दृश्यता सुनिश्चित की जाएगी।

यह आयोजन बरेका की उत्कृष्ट खेल अवसंरचना, सुव्यवस्थित प्रबंधन क्षमता तथा भारतीय रेल की खेल प्रोत्साहन परंपरा को भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेगा। साथ ही यह प्रतियोगिता देशभर से आने वाले खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायी अवसर सिद्ध होगी।

डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन गोल्फ टूर्नामेंट-2026 का वाराणसी में आयोजन न केवल बरेका के लिए गौरव का विषय है, बल्कि भारतीय खेल जगत में वाराणसी की बढ़ती पहचान का भी प्रतीक है। यह आयोजन निश्चित रूप से देश में गोल्फ खेल के विकास और नए खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

13.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 13.06.2026

BLW Emerges on the National Golf Map: DP World PGTI NexGen Golf Tournament 2026 to be Hosted at BLW Golf Course for the First Time

Prestigious DP World PGTI NexGen Golf Tournament 2026 to be Organized at BLW Golf Course

Varanasi: Banaras Locomotive Works (BLW), the premier production unit of Indian Railways, has achieved yet another significant milestone in the field of sports. For the first time, the prestigious DP World PGTI NexGen Golf Tournament 2026 will be held at the BLW Golf Course from 16 to 18 June 2026. Hosting this national-level championship will provide BLW with a distinct identity on the professional golf map of India and establish Varanasi among the country's prominent sporting destinations.

Owing to its excellent natural surroundings and sporting environment, the BLW Golf Course has been selected to host this prestigious tournament. Organized by DP World PGTI, the event aims to provide emerging golfers of the country with a competitive platform to progress to national and international levels.

As part of the tournament preparations, course setup and final arrangements will be completed on 13 June 2026. A Pro-Am Event will be organized on 14 June 2026, featuring a 9-hole competition at 4:00 PM between combined teams of BLW golfers and professional golfers. The prize distribution ceremony for the event will also be held on the same occasion. A practice round for participating players is scheduled on 15 June 2026, while the main tournament will take place from 16 to 18 June 2026. The championship prize distribution ceremony will be conducted on the final day of the tournament.

This event is not merely a golf tournament but also a significant initiative towards promoting the sport of golf in India. Hosting such a prestigious championship in the spiritual and cultural city of Varanasi will provide fresh momentum to the development of golf in Eastern India and inspire young aspiring golfers.

Through this event, the BLW Golf Course will gain extensive recognition at the national level.

The tournament has been accorded a prominent place in the official DP World PGTI calendar, and its wide visibility will be ensured through various promotional channels, digital platforms, and media coverage.

The event will also showcase BLW's excellent sports infrastructure, efficient management capabilities, and Indian Railways' rich tradition of promoting sports at both national and international levels. Furthermore, it will offer a memorable and inspiring experience for players, sports enthusiasts, and local citizens from across the country. The hosting of the DP World PGTI NexGen Golf Tournament 2026 in Varanasi is not only a matter of pride for BLW but also a reflection of the city's growing prominence in the Indian sporting landscape. The event is expected to become a significant milestone in the development of golf in India and in providing opportunities to the next generation of talented golfers.

The Editor/Representative

_____

Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

13.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:14.06.2026

बरेका गोल्फ कोर्स में प्रतिष्ठित "डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन गोल्फ टूर्नामेंट-2026" के तैयारियों के अंतर्गत आज प्रो-एम प्रतियोगिता का आयोजन

वाराणसी। भारतीय रेल की अग्रणी उत्पादन इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने खेल के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। बरेका के गोल्फ कोर्स में पहली बार प्रतिष्ठित "डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन गोल्फ टूर्नामेंट-2026" का आयोजन दिनांक 16 से 18 जून 2026 तक किया जाएगा।

प्रतियोगिता की तैयारियों के क्रम में आज दिनांक 14 जून 2026 को प्रो-एम (पेशेवर–शौकिया) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बरेका के गोल्फरों एवं पेशेवर गोल्फरों की संयुक्त टीमों के मध्य 9-होल गोल्फ प्रतियोगिता खेली गई। इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता से पूर्व बेहतर अभ्यास एवं प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्रदान करना था। प्रतियोगिता में पंकज मांड्या (प्रोफेशनल) तथा मनोज मांझी, रितेश सिंह एवं अमित वर्मा (अमेच्योर) की संयुक्त टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 26.65 के नेट स्कोर के साथ विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया जबकि राजेश कुमार गौतम (प्रोफेशनल) तथा रितेश, संतोष कुमार सिंह एवं रमेश कुमार (अमेच्योर) की टीम 27.55 के नेट स्कोर के साथ रनर-अप रहीविशेष पुरस्कारों में वी.के. श्रीवास्तव ने होल संख्या-6 तथा अनित कुमार यादव ने होल संख्या-8 पर 'क्लोजेस्ट टू द पिन' का खिताब अपने नाम किया। वहीं 'लॉन्गेस्ट ड्राइव' का खिताब रितेश ने जीता।

डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य देश के उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर श्री प्रभाश ठाकुर, डायरेक्टर ऑपरेशन डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई, श्री मनीष कुमार,प्रेसिडेंट,बरेका गोल्फ कोर्स, श्री अनुराग गुप्ता, सेक्रेटरी, बरेका गोल्फ कोर्स, श्री शिशिर त्यागी, कैप्टन बरेका गोल्फ कोर्स एवं श्री विनीत नाहटा, पावर गिल्ट ट्रेजरीज उपस्थित रहे।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

14.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:15.06.2026

डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई का वाराणसी में पदार्पण, 16 जून से बीएलडब्ल्यू ग्रीन्स में नेक्सजेन इवेंट का आयोजन

वाराणसी, 15 जून, 2026: डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया यानी डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऐतिहासिक शहर वाराणसी में अपना पदार्पण करने जा रहा है। नेक्सजेन सीजन का छठा इवेंट 16 से 18 जून, 2026 तक बीएलडब्ल्यू ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में खेला जाएगा।

डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई का वाराणसी में यह पहला टूर्नामेंट होगा, जिसमें 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। यह इवेंट तीन राउंड यानी 54 होल्स में खेला जाएगा। दो राउंड यानी 36 होल्स के बाद कट लागू किया जाएगा। शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई में रहने वाले खिलाड़ी तीसरे और अंतिम राउंड में प्रवेश करेंगे।

टूर्नामेंट में कुल 72 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में सुनीत चौरसिया (2026 DP वर्ल्ड PGTI नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ़ मेरिट लीडर), राजेश कुमार गौतम, बिपिन मुखिया, अभिषेक कुमार, आदित्य राज सिंह चहल और विनय कुमार यादव के साथ-साथ 15 साल के अर्जुनवीर शिशिर शामिल हैं। वाराणसी के दो खिलाड़ी इमाम-उल-हक और हेमंत यादव भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यशाला में बरेका के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए ई-ऑफिस प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा डिजिटल कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

19.06.

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:21.06.2026

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगमय हुआ बरेका

बरेका के विभिन्न स्थान में आयोजित हुए योग शिविर, हजारों लोगों ने अपनाया स्वस्थ जीवन का मंत्र

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 के अवसर पर बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का वातावरण आज पूर्णतः योगमय हो गया। महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत के मार्गदर्शन में बरेका के विभिन्न स्थानों पर भव्य योग शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों, प्रशिक्षुओं तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया।

अधिकारी क्लब में आयोजित मुख्य योग शिविर का शुभारंभ प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री लालजी चौधरी द्वारा महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत को पौधा भेंट कर सम्मानित किए जाने के साथ हुआ। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा योग गुरु श्री संजय कुमार शर्मा को पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम्" का गायन कर राष्ट्रप्रेम एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।तत्पश्चात उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने माननीय प्रधानमंत्री के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संदेश का सजीव प्रसारण देखा। इसके पश्चात योग गुरु श्री संजय कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत, प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों सहित उपस्थित जनों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाभ्यास के उपरांत महाप्रबंधक श्री आशुतोष पंत ने योग गुरु श्री संजय कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

इसी क्रम में प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में प्राचार्य प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र श्री सुभाष चंद्र यादव के कुशल नेतृत्व तथा योग गुरु डॉ. आनंद कुमार कर्ण के मार्गदर्शन में आयोजित योग शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।वहीं कर्मचारी क्लब में आयोजित योग शिविर में वरिष्ठ तकनीशियन (विद्युत) एवं योग प्रशिक्षक श्री सरोज कुमार सिंह के निर्देशन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने योगाभ्यास करते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बरेका के विभिन्न परिसरों में आयोजित इन योग शिविरों में व्यापक जनसहभागिता देखने को मिली। योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का संदेश देते हुए प्रतिभागियों ने "स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक एवं समग्र पद्धति है। इसी भावना के साथ बरेका परिवार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 को उत्साह, अनुशासन एवं सामूहिक सहभागिता के साथ मनाते हुए स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का सुरुचिपूर्ण संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी-मुख्यालय श्री समीर पॉल ने किया।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

21.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 21.06.2026

BLW Turns into a Hub of Yoga on International Day of Yoga

Yoga Camps Organized at Various Locations in BLW; Thousands Embrace the Mantra of Healthy Living

On the occasion of the International Day of Yoga–2026, the entire atmosphere of Banaras Locomotive Works (BLW) turned vibrant with the spirit of yoga. Under the guidance of General Manager Shri Ashutosh Pant, grand yoga camps were organized at various locations across BLW, where officers, employees, their family members, trainees and local residents enthusiastically participated and performed yoga collectively in accordance with the Common Yoga Protocol.

The main yoga session organized at the Officers' Club commenced with Principal Chief Personnel Officer Shri Lal ji Chaudhary presenting a sapling to General Manager Shri Ashutosh Pant as a mark of respect. Thereafter, the General Manager felicitated Yoga Guru Shri Sanjay Kumar Sharma with a sapling and an angavastram. The programme began with the collective rendition of "Vande Mataram", reflecting the participants' commitment towards patriotism and cultural values.

Subsequently, all participants watched the live telecast of the Hon'ble Prime Minister's message on the International Day of Yoga. Thereafter, under the expert guidance of Yoga Guru Shri Sanjay Kumar Sharma, General Manager Shri Ashutosh Pant, Principal Heads of Departments, senior officers and their family members performed various yogic postures and pranayama exercises as per the Common Yoga Protocol.

After the yoga session, the General Manager presented a memento to Yoga Guru Shri Sanjay Kumar Sharma in recognition of his contribution. The programme concluded with the collective singing of the National Anthem.

In the same spirit, a yoga camp was organized at the Technical Training Centre under the able leadership of Principal, Technical Training Centre, Shri Subhash Chandra Yadav and the guidance of Yoga Guru Dr. Anand Kumar Karn. Officers, employees, instructors

and trainees participated enthusiastically and spread the message of healthy living through yoga.

Similarly, at the Employees' Club, a yoga camp was conducted under the guidance of Senior Technician (Electrical) and Yoga Instructor Shri Saroj Kumar Singh, where a large number of employees and their family members participated and resolved to make yoga an integral part of their daily lives.

The yoga camps organized across various BLW premises witnessed enthusiastic and widespread participation. Through yoga, the participants contributed significantly towards realizing the vision of a "Healthy India, Prosperous India" by promoting physical, mental and spiritual well-being.

Yoga is not merely a form of exercise but a scientific and holistic way of life. With this spirit, the BLW family celebrated the International Day of Yoga–2026 with enthusiasm, discipline and collective participation, spreading the message of adopting a healthy and balanced lifestyle.

The programme was gracefully conducted and the vote of thanks was proposed by Shri Sameer Paul, Deputy Chief Personnel Officer (Headquarters).

The Editor/Representative

_____

Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004
INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004

प्रेस विज्ञप्ति-1 दिनांक: 22.06.2026

बरेका में नए नवीन श्रम संहिताओं पर जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 22 जून 2026 को बनारस रेल इंजन कारखाना में मजदूरों और नियोक्ताओं को जागरूक करने के लिए नवीन श्रम संहिताओं पर जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उल्लेखनीय है कि मुख्य वक्ता क्षेत्रीय श्रमायुक्त श्री मुकेश तिवारी ने चारों नवीन श्रम संहिताओं – वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता – के प्रमुख प्रावधानों एवं उनके क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

इस दौरान मज़दूरों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाने, कार्यस्थलों पर बेहतर सुरक्षा मानकों, स्वास्थ्य जांच और कल्याणकारी सुविधाओं, रजिस्ट्रेशन, शिकायत निवारण प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, श्रोताओं द्वारा पुछे गये सवाल जैसे न्यूनतम वेतन, निश्चित अवधि के रोज़गार, ई-श्रम रजिस्ट्रेशन आदि से जुडे संदेह भी दूर किया गया। यह कार्यक्रम कर्मचारियों एवं अधिकारियों में नवीन श्रम संहिताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम से पूर्व प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री लालजी चौधरी द्वारा क्षेत्रीय श्रमायुक्त श्री मुकेश तिवारी का शॉल एवं प्लांटर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात कार्मिक विभाग के अधिकारियों के साथ नवीन श्रम संहिताओं के प्रभावी कार्यान्वयन एवं अनुपालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई गई। यह कार्यक्रम कर्मचारियों एवं अधिकारियों में नवीन श्रम संहिताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य सरंक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य, प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र श्री सुभाष चन्द्र यादव, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-टूलिंग श्री सोमपाल सिंह परवान, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-सामान्य श्री देवेन्द्र कुमार, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी श्री एम.ए.अंसारी, सहायक कार्मिक अधिकारी श्री पियूष मिंज एवं श्री राम प्रवेश यादव, संयुक्त सचिव, कर्मचारी परिषद श्री प्रदीप कुमार यादव एवं सदस्य कर्मचारी परिषद सहित काफी संख्या में बरेका अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार का कर्मचारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सुरूचीपूर्ण संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी श्री पियूष मिंज एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी श्री राज कुमार गुप्ता ने किया।

श्रीमान् सम्पादक/प्रतिनिधि,

----------वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें ।

22.06.26

(राजेश कुमार)
जन सम्पर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004
INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004

Press Release-1 Date: 22.06.2026

Awareness-cum-Outreach Program on New Labour Codes Organized at BLW

An awareness-cum-outreach program regarding the new labour codes was organized today, June 22, 2026, at the Banaras Locomotive Works (BLW) to sensitize workers and employers. Notably, the keynote speaker, Regional Labour Commissioner Shri Mukesh Tiwari, provided detailed information on the key provisions and implementation aspects of the four new labour codes: the Code on Wages, the Industrial Relations Code, the Social Security Code, and the Occupational Safety, Health and Working Conditions Code. Queries raised by the participants present at the event were also addressed.

During the session, information was provided regarding the expansion of the social security net, improved safety standards at workplaces, health check-ups, welfare facilities, registration processes, and grievance redressal mechanisms. Additionally, doubts raised by the audience concerning issues such as minimum wages, fixed-term employment, and e-Shram registration were clarified. This program proved to be a significant initiative in raising awareness about the new labour codes among employees and officers and ensuring their effective compliance. Prior to the event, Principal Chief Personnel Officer Shri Lalji Chaudhary welcomed and honored Regional Labour Commissioner Shri Mukesh Tiwari by presenting him with a shawl and a planter. Subsequently, a detailed discussion was held with Personnel Department officials regarding various aspects of the effective implementation and compliance of the new labour codes. The event was attended by Chief Guest and Chief Safety Officer Shri Jitendra Agrawal, Principal of the Technical Training Centre Shri Subhash Chandra Yadav, Deputy Chief Mechanical Engineer (Tooling) Shri Sompal Singh Parwan, Deputy Chief Materials Manager (General) Shri Devendra Kumar, Senior Personnel Officer Shri M.A. Ansari, Assistant Personnel Officers Shri Piyush Minj and Shri Ram Pravesh Yadav, Joint Secretary of the Staff Council Shri Pradeep Kumar Yadav, and members of the Staff Council, alongside a large number of BLW officers, employees, and contract staff. The program was gracefully conducted by Assistant Personnel Officer Shri Piyush Minj, and the vote of thanks was proposed by Senior Personnel Officer Shri Raj Kumar Gupta.

Mr. Editor/Representative,
----------Varanasi.

Please support our public relations medium by publishing the above news in your daily newspaper.

22.06.26

(Rajesh Kumar)
Public Relations Officer

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004
INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004

प्रेस विज्ञप्ति-2 **दिनांक22.06.2026**

बरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

बनारस रेल इंजन कारखाना राजभाषा विभाग के तत्वावधान में आज दिनांक 22.06.2026 को बरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बराकास) की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री आशुतोष पंत, महाप्रबंधक, बरेका ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बरेका एक ओर दुनिया की आधुनिकतम तकनीक के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहा है, तो दूसरी ओर तकनीकी क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए राजभाषा हिंदी में मौलिक चिंतन एवं लेखन करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी तकनीकी विषयों पर बोलचाल की भाषा में पुस्तक लिखें। तकनीकी ज्ञान का आम जनता में प्रसार हिंदी के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अनुवाद पर निर्भरता कम कर हिंदी में कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों दवारा अपने विभाग से संबंधित हिंदी की प्रगति रपट पर चर्चा की गई एवं अपने विचार प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर सर्वश्री मनीष कुमार, प्रमुख मुख्य विदयुत इंजीनियर, विवेक शील, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, आलोक अग्रवाल, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, लालजी चौधरी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन, डॉ देवेश कुमार, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुक्तेश मित्तल प्रधान वित्त सलाहकार, डी.के.मौर्या, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, अनुराग कुमार गुप्ता, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर/विदयुत एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

इसके पूर्व उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए श्री रामजन्म चौबे, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने बरेका में हो रहे हिंदी के प्रयोग और प्रगति के लिए किए जा रहे रचनात्मक प्रयासों से अवगत कराया। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री यथार्थ पाण्डेय, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया।

श्रीमान् सम्पादक/प्रतिनिधि,

----------वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें ।

22.06.26

(राजेश कुमार)
जन सम्पर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004
INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004

Press Release-2 **Date: 22.06.2026**

****Meeting of the BLW Official Language Implementation Committee****

The quarterly meeting of the BLW Official Language Implementation Committee (OLIC) was held today, 22.06.2026, under the aegis of the Official Language Department of Banaras Locomotive Works (BLW). Shri Ashutosh Pant, General Manager, BLW, presided over the meeting. In his address, he stated that while BLW is keeping pace with the world's most modern technology, it is also making rapid strides in the use of Hindi within the technical sphere. To realize the dream of an *Atmanirbhar Bharat* (Self-Reliant India), original thinking and writing in the official language, Hindi, are essential. He urged officers to author books on technical subjects using conversational language, noting that disseminating technical knowledge to the general public is possible only through Hindi. He directed all officers to reduce their reliance on translation and to conduct their work directly in Hindi.

The Principal Heads of Departments (PHODs) and officers present at the meeting discussed progress reports regarding the use of Hindi in their respective departments and shared their views. Notable attendees included Principal Chief Electrical Engineer Shri Manish Kumar, Principal Chief Mechanical Engineer Shri Vivek Sheel, Principal Chief Materials Manager Shri Alok Agarwal, Principal Chief Personnel Officer Shri Lalji Chaudhary, Principal Chief Medical Officer Dr. Devesh Kumar, Principal Financial Adviser Shri Muktesh Mittal, Principal Chief Security Commissioner Shri D.K. Maurya, Chief Design Engineer/Electrical Shri Anurag Kumar Gupta and other Heads of Departments.

Earlier, while welcoming the officers, Shri Ramjanm Chaubey, Chief Official Language Officer, apprised the gathering of the current usage of Hindi at BLW and the creative efforts being made to further its progress. The meeting was conducted by Shri Yatharth Pandey, Senior Official Language Officer, who also proposed the vote of thanks.

Mr. Editor/Representative,
----------Varanasi.

Please support our public relations medium by publishing the above news in your daily newspaper.

22.06.26

(Rajesh Kumar)
Public Relations Officer

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:23.06.2026

बरेका कर्मचारी क्लब में समर कैंप का भव्य समापन

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के कर्मचारी क्लब में दिनांक 24 मई 2026 से संचालित समर कैंप का दिनांक 22 जून 2026 को भव्य समापन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समापन समारोह में बरेका परिवार के 300 से अधिक सदस्य एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों,योग, कला एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने-अपने हुनर का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह की भरपूर सराहना प्राप्त की। इस दौरान समर कैंप को सफलतापूर्वक संचालित करने वाले सभी प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जन संपर्क अधिकारी,बरेका श्री राजेश कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी (कार्यशाला) श्री पीयूष मिंज, संयुक्त सचिव, कर्मचारी परिषद श्री प्रदीप कुमार यादव एवं सदस्य, श्री सुशील कुमार सिंह ने अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। क्लब के सचिव श्री मदन कुमार एवं क्लब कार्यकारिणी द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष, कर्मचारी क्लब एवं सहायक कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) श्री राम प्रवेश यादव ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का आश्वासन दिया।
कार्यक्रम का संचालन क्लब के कोषाध्यक्ष श्री सरोज कुमार सिंह द्वारा किया गया।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....
वाराणसी ।
कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

23.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 23.06.2026

Grand Finale of Summer Camp at BLW Employees' Club

The Summer Camp, which commenced on 24 May 2026 at the Employees' Club of Banaras Locomotive Works (BLW), concluded with a grand closing ceremony on 22 June 2026. More than 300 members of the BLW family and their relatives attended the event.

The programme began with the ceremonial lighting of the lamp. During the event, children and women showcased their talents through cultural performances, yoga, art, and various creative activities, earning widespread appreciation from the audience.

On this occasion, all the instructors who successfully conducted the Summer Camp were honoured with certificates of appreciation in recognition of their dedicated efforts.

Addressing the gathering, Mr. Rajesh Kumar, Public Relations Officer, BLW; Mr. Piyush Minj, Assistant Personnel Officer (Workshop); Mr. Pradeep Kumar Yadav, Joint Secretary, Employees' Council; and Mr. Sushil Kumar Singh, Member, lauded the outstanding performances of the participants and encouraged them to continue pursuing such creative activities.

Mr. Madan Kumar, Secretary, Employees' Club, along with the Club Executive Committee, welcomed and felicitated the distinguished guests with bouquets, traditional shawls, and mementoes.

In his vote of thanks, Mr. Ram Pravesh Yadav, Vice President, Employees' Club and Assistant Personnel Officer (Headquarters), expressed gratitude to all the guests, participants, organisers, and supporters. He also assured that such creative and inspiring programmes would continue to be organised in the future.

The programme was compered by Mr. Saroj Kumar Singh, Treasurer, Employees' Club.

* * * * * * *

To
The Editor/Representative
_____
Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

23.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO,BLW

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:24.06.2026

बरेका कार्मिक विभाग एवं कर्मचारी परिषद के बीच समन्वय बैठक संपन्न

बरेका में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री लालजी चौधरी की अध्यक्षता में कार्मिक विभाग एवं कर्मचारी परिषद के मध्य समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में आज दिनांक 24 जून, 2026 को प्रशासन भवन स्थित कीर्ति कक्ष में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री लालजी चौधरी की अध्यक्षता में कार्मिक विभाग एवं कर्मचारी परिषद के मध्य एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान कर्मचारी परिषद के प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न विषयों, समस्याओं एवं सुझावों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। कार्मिक विभाग द्वारा सभी बिंदुओं पर सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा करते हुए संबंधित शंकाओं का समाधान किया गया तथा लंबित एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर नियमानुसार शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशासन एवं कर्मचारियों के मध्य बेहतर संवाद, समन्वय एवं पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देना था। इस दौरान कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए समाधानोन्मुख दृष्टिकोण अपनाया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) श्री समीर पॉल, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) श्री राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी (कर्मशाला) श्री एम. ए. अंसारी, सहायक कार्मिक अधिकारी (कर्मशाला) श्री पीयूष मिंज, कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव श्री प्रदीप कुमार यादव तथा परिषद सदस्य श्री श्रीकांत यादव, श्री अमित कुमार, श्री संतोष कुमार यादव, श्री नवीन कुमार सिन्हा, श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं श्री मनीष कुमार सिंह सहित कार्मिक विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखने पर बल दिया।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

24.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 24.06.2026

A coordination meeting between the Personnel Department and the Staff Council was held at BLW under the chairmanship of Principal Chief Personnel Officer Shri Lalji Chaudhary.

A significant coordination meeting between the Personnel Department and the Staff Council was held today, 24 June 2026, in the Hall of Fame, the Administrative Building at Banaras Locomotive Works (BLW) under the chairmanship of Shri Lalji Chaudhary, Principal Chief Personnel Officer.

During the meeting, representatives of the Staff Council presented various employee-related issues, concerns, and suggestions in detail. The Personnel Department held constructive and positive discussions on all the points raised, addressed the queries, and assured that necessary action would be taken expeditiously, as per rules, on pending and other important matters.

The primary objective of the meeting was to strengthen communication, coordination, and mutual cooperation between the administration and employees. Various employee welfare issues were deliberated upon with a solution-oriented approach. The meeting concluded in a cordial and positive atmosphere.

The meeting was attended by Shri Sameer Paul, Deputy Chief Personnel Officer (Headquarters); Shri Rajkumar Gupta, Senior Personnel Officer (Headquarters); Shri M. A. Ansari, Senior Personnel Officer (Workshop); Shri Piyush Minj, Assistant Personnel Officer (Workshop); Shri Pradeep Kumar Yadav, Joint Secretary, Staff Council; and other Staff Council members Shri Shrikant Yadav, Shri Amit Kumar, Shri Santosh Kumar Yadav, Shri Naveen Kumar Sinha, Shri Dharmendra Kumar Singh, and Shri Manish Kumar Singh, along with officials and staff of the Personnel Department.
All participants emphasized the importance of maintaining continuous dialogue and coordination for the effective resolution of employees' issues.

* * * * * * *

To
The Editor/Representative
_____
Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

24.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:26.06.2026

बरेका के ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन

नृत्य, जुम्बा, बास्केटबॉल एवं मार्शल आर्ट्स के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के संस्थान द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण सत्र का उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर संस्थान द्वारा संचालित शिवांशी फिटनेस जोन के नृत्य एवं जुम्बा प्रशिक्षण के साथ-साथ बास्केटबॉल एवं मार्शल आर्ट्स शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों एवं उपलब्धियों की सराहना की गई। समापन समारोह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस–2026 के अवसर पर आयोजित स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को वरिष्ठ मंडल चिकित्साधिकारी एवं फिजिशियन डॉ. एस. के. मौर्या,जन संपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार तथा ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र देकर उनके उत्साह और समर्पण की सराहना की गई।

शिवांशी फिटनेस जोन द्वारा आयोजित नृत्य एवं जुम्बा प्रशिक्षण के समापन अवसर पर श्री राजेश कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ बच्चों और युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नियमित रूप से खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल, फिटनेस, कला एवं बौद्धिक विकास से जुड़ी विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासन, ऊर्जा एवं आत्मविश्वास ने पूरे कार्यक्रम को प्रेरणादायी बना दिया।

उल्लेखनीय है कि बरेका संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन सत्र के अंतर्गत बास्केटबॉल, फुटबॉल, स्केटिंग, रोल बॉल, मार्शल आर्ट्स, शतरंज, चित्रकला, मेहंदी, अबेकस, जुम्बा सहित अनेक प्रशिक्षण शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जाता है, जिनका उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में शारीरिक, मानसिक तथा रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में शिवांशी फिटनेस जोन की संचालिका श्रीमती बिंदु सिंह, श्री एस. के. सिंह, श्री अभिमन्यु, श्री शिवकुमार, श्री अखिलेश कुमार, श्री रविंद्र प्रसाद यादव, श्री अखिलेश राय, श्री आनंद कुमार राय, श्री मिथिलेश सिंह, श्री राजकुमार, श्री मनोज सिंह, श्री नरेंद्र प्रताप एवं श्री नंदलाल रावत सहित प्रशिक्षकगण, प्रतिभागियों के अभिभावक एवं बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं खेलकूद सचिव, संस्थान श्री रमेश चन्द्र जैसल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव, संस्थान श्री आलोक कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उप सचिव श्री अरविंद तिवारी ने प्रस्तुत किया।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

26.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

B.L.W.

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 26.06.2026

Grand Finale of BLW Summer Camp

Participants of Dance, Zumba, Basketball and Martial Arts Honoured with Certificates and Prizes

The Summer Training Session organized by the Institute of Banaras Locomotive Works (BLW) concluded on a grand and enthusiastic note. On this occasion, the valedictory ceremony of the Dance and Zumba training conducted by Shivanshi Fitness Zone, along with the Basketball and Martial Arts Summer Camps, was organized, where the outstanding performances and achievements of the participants were highly appreciated.

During the closing ceremony, winners of the Slogan Writing and Painting Competitions organized on the occasion of World Environment Day–2026 were felicitated with prizes and certificates by Senior Divisional Medical Officer & Physician Dr. S. K. Maurya and Public Relations Officer, Mr. Rajesh Kumar. In addition, all participants who successfully completed the Summer Camp training were presented with mementoes and certificates in recognition of their enthusiasm, dedication, and active participation.

Addressing the participants at the valedictory function of the Dance and Zumba training programme organized by Shivanshi Fitness Zone, Mr. Rajesh Kumar emphasized that sports, arts, and cultural activities play a vital role in the holistic development of children and youth. He encouraged all participants to make sports and creative pursuits an integral part of their daily lives.

A large number of children enthusiastically participated in the Summer Camp and received training in various disciplines related to sports, fitness, arts, and intellectual development. The discipline, energy, and confidence displayed by the participants made the entire programme truly inspiring.

It is noteworthy that every year, the BLW Institute successfully organizes a wide range of Summer Training Camps, including Basketball, Football, Skating, Roll Ball, Martial Arts, Chess, Painting, Mehendi, Abacus, and Zumba, with the objective of promoting the physical, mental, and creative development of children and youth.

The programme was attended by Mrs. Bindu Singh, Director of Shivanshi Fitness Zone, Mr. S. K. Singh, Mr. Abhimanyu, Mr. Shiv Kumar, Mr. Akhilesh Kumar, Mr.

Ravindra Prasad Yadav, Mr. Akhilesh Rai, Mr. Anand Kumar Rai, Mr. Mithilesh Singh, Mr. Raj Kumar, Mr. Manoj Singh, Mr. Narendra Pratap, Mr. Nandlal Rawat, along with trainers, parents of the participants, and a large number of distinguished guests.

The programme commenced with a welcome address by Mr. Ramesh Chandra Jaisal, Cultural, Educational & Sports Secretary, Institute. The proceedings were conducted by Mr. Alok Kumar Singh, Secretary, Institute, while the vote of thanks was proposed by Mr. Arvind Tiwari, Deputy Secretary.

* * * * * * *

To
The Editor/Representative
_____
Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

26.06.26

(Rajesh Kumar)
PRO

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:26.06.2026

बनारस रेल इंजन कारखाना में तकनीकी गोष्ठी का आयोजन

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में आज दिनांक 26 जून 2026 को कर्मशाला के एम. आर. एस. कार्यालय में "कर्मशाला की विद्युत अवसंरचना का आधुनिकरण एवं पुनरुद्धार तथा कर्मशाला का 100% ग्रीन एनर्जी में रूपांतरण" विषय पर आधारित एक तकनीकी गोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के दौरान एम.आर.एस. के सीनियर सेक्शन इंजीनियर श्री संजय शुक्ला ने इस विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया तथा कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। इस दौरान संगोष्ठी में बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अनुवादक श्री विजय प्रताप सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अनुवादक श्री एस.गुरुराजन ने किया।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

26.06.26

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:30.06.2026

बरेका के एक अधिकारी सहित 18 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

सम्मान समारोह में कर्मयोगियों के योगदान को किया गया नमन

बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में आज दिनांक 30 जून 2026 को प्रशासन भवन स्थित कीर्ति कक्ष में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माह जून 2026 में सेवानिवृत्त हुए एक अधिकारी सहित कुल 18 कर्मचारियों को उनकी दीर्घकालीन, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। वर्षों तक संगठन की प्रगति में योगदान देने वाले इन कर्मयोगियों को बरेका परिवार ने कृतज्ञता एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया।

समारोह में डी.ई.ई./एम. श्री गुलाम सरवर, वरिष्ठ अकाउंटेंट श्री अशोक कुमार भारतीय, वरिष्ठ अकाउंटेंट श्री प्रकाश चन्द्र भारती, मुख्य कार्यालय अधीक्षक श्री बी.एन. मीना, मुख्य कार्यालय अधीक्षक श्री रोहित कुमार शर्मा, एस.एस.ई./एम./डी. श्री उमेश कुमार, एस.एस.ई./जे एंड टी श्री कमलेश कुमार शर्मा, एस.एस.ई./फिटर श्री अनिल कुमार चौधरी, एस.एस.ई./फिटर श्री राजेन्द्र कुमार, एस.एस.ई./यांत्रिक श्री संजय कुमार आनंद, एस.एस.ई./टी.आर. श्री प्रवीन कुमार गुप्ता, एस.एस.ई./एम.सी.टी. श्री राम आसरे, वरिष्ठ तकनीशियन श्री अरुण कुमार सिंह, वरिष्ठ तकनीशियन श्री सत्य प्रकाश, वरिष्ठ तकनीशियन श्री शशि शंकर सहाय, वरिष्ठ तकनीशियन श्री संजय कुमार, वरिष्ठ तकनीशियन श्रीमती मंजू विश्वकर्मा, कनिष्ठ अभियंता श्री प्रदीप चन्द्र जोशी तथा कुक श्रीमती सेरून निशा को ससम्मान विदाई दी गई।

अपने संबोधन में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री लालजी चौधरी ने कहा कि, "सेवानिवृत्ति किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि अनुभवों और उपलब्धियों से परिपूर्ण एक नई शुरुआत है। आप सभी ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण से बरेका की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी कार्यसंस्कृति एवं सेवाभाव आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।" इस अवसर पर उन्होंने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति-चिह्न स्वरूप फोल्डर भेंट किया।
उप मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री समीर पाल ने कहा, "आप सभी ने अपने अनुभव, परिश्रम एवं समर्पण से बरेका की कार्यसंस्कृति को समृद्ध बनाया है। बरेका परिवार आपके अमूल्य योगदान के प्रति सदैव ऋणी रहेगा तथा आपके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ देता है।"

समारोह के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए बरेका को केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि अपना परिवार बताया। उन्होंने अपने अधिकारियों, सहकर्मियों एवं बरेका परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यहां बिताए गए वर्षों की स्मृतियाँ सदैव उनके जीवन का अमूल्य हिस्सा रहेंगी। इस अवसर पर बरेका केंद्रीय चिकित्सालय के मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल माबूद ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। जन संपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं पारिवारिक आनंद से परिपूर्ण जीवन की मंगलकामना की।

समारोह में कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव श्री प्रदीप कुमार यादव तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कर्मचारी परिषद के सदस्य श्री अमित कुमार, श्री नवीन कुमार सिन्हा एवं श्री सुशील कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन, सहकर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) श्री राम प्रवेश यादव ने किया।

श्रीमान् सम्पादक एवं प्रतिनिधि,

.....

वाराणसी ।

कृपया उपरोक्त समाचार अपने दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर हमारे जन सम्पर्क माध्यम को सहयोग प्रदान करें।

(राजेश कुमार)
जन संपर्क अधिकारी

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना
वाराणसी - 221004

INDIAN RAILWAYS
BANARAS LOCOMOTIVE WORKS
VARANASI - 221004



Press Release

Date: 30.06.2026

One Officer and 18 Employees of BLW Accorded a Warm Farewell on their Retirement

Contribution of Dedicated Rail Karmayogis Honoured at Felicitation Ceremony

A dignified felicitation ceremony was organized today, 30 June 2026, the Hall of Fame, at the Administrative Building at Banaras Locomotive Works (BLW). On this occasion, one officer and a total of 18 employees who retired during June 2026 were accorded a heartfelt farewell in recognition of their long, dedicated and distinguished service. The BLW family expressed its gratitude and extended best wishes to these Rail Karmayogis for their invaluable contribution to the organization's growth over the years.

The employees who were felicitated on the occasion included Mr. Ghulam Sarwar (DEE/M), Mr. Ashok Kumar Bhartiya (Senior Accountant), Mr. Prakash Chandra Bharti (Senior Accountant), Mr. B. N. Meena (Chief Office Superintendent), Mr. Rohit Kumar Sharma (Chief Office Superintendent), Mr. Umesh Kumar (SSE/M/D), Mr. Kamlesh Kumar Sharma (SSE/J&T), Mr. Anil Kumar Chaudhary (SSE/Fitter), Mr. Rajendra Kumar (SSE/Fitter), Mr. Sanjay Kumar Anand (SSE/Mechanical), Mr. Praveen Kumar Gupta (SSE/T.R), Mr. Ram Asre (SSE/MCT), Mr. Arun Kumar Singh (Senior Technician), Mr. Satya Prakash (Senior Technician), Mr. Shashi Shankar Sahay (Senior Technician), Mr. Sanjay Kumar (Senior Technician), Mrs. Manju Vishwakarma (Senior Technician), Mr. Pradeep Chandra Joshi (Junior Engineer), and Mrs. Serun Nisha (Cook).

Addressing the gathering, Mr. Lalji Chaudhary, Principal Chief Personnel Officer, said, "Retirement is not the end of a journey but the beginning of a new phase enriched with experience and achievements. Through your dedication, discipline and commitment, you have made significant contributions to the progress of BLW. Your work culture and spirit of service will continue to inspire future generations." He felicitated all the retiring officer and employees with floral garlands and presented them with commemorative folders as mementoes.

Mr. Sameer Pal, Deputy Chief Personnel Officer, remarked, "Your experience, hard work and dedication have enriched the work culture of BLW. The BLW family will always

remain grateful for your invaluable contributions and wishes you a healthy, happy and prosperous future."

During the programme, the retiring officer and employees shared memories from their long years of service, describing BLW not merely as a workplace but as their extended family. They expressed heartfelt gratitude to their officers, colleagues and the entire BLW fraternity, stating that the memories created here would always remain among the most cherished moments of their lives.

On the occasion, Dr. Abdul Mabud, Divisional Medical Officer, BLW Central Hospital, delivered an informative session and advised the retirees on maintaining a healthy, active and balanced lifestyle after retirement.

Mr. Rajesh Kumar, Public Relations Officer, conveyed his best wishes to all the retirees and prayed for their good health, happiness, prosperity and a joyful family life.

The programme was also addressed by Mr. Pradeep Kumar Yadav, Joint Secretary, Staff Council, along with the retiring employees. Members of the Staff Council, including Mr. Amit Kumar, Mr. Naveen Kumar Sinha and Mr. Sushil Kumar Singh, besides family members of the retirees, colleagues and officers, were present in large numbers.

The programme was effectively conducted by Mr. Ram Pravesh Yadav, Assistant Personnel Officer (Headquarters), who also proposed the vote of thanks.

The Editor/Representative

_____

Varanasi.

Please publish the above news item in your daily newspaper and extend your support to our public relations efforts.

(Rajesh Kumar)
PRO